अधिक रॉयल्टी वसूलने पर खनन व्यापारियों ने प्रदर्शन किया, लोडिंग बंद

बिजौलियां में रॉयल्टी नाका संचालकों और खनन व्यवसायियों के बीच दो दिन से तनातनी का माहौल चल रहा हैं

माण्डलगढ़, (निसं)। मांडलगढ़ के बिजौलियां में सेंडस्टोन रॉयल्टी संवेदक के संचालकों द्वारा सरकार की तयशुदा दर से अधिक रॉयल्टी राशि वसूलने के मामले में नाका संचालकों और खनन व्यवसाइयों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई हैं, इस मामले को लेकर खनिज विभाग के बड़े अफसरों तक शिकायत पहुँचने के बाद भी रॉयल्टी ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नहीं की गई हैं, जिससे खनन व्यवसाइयों में आक्रोश बढ़ ता जा रहा हैं, खनन व्यवसाइयों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और बुधवार से ही वाहनों में सेंडस्टोन लोडिंग अनिश्चितकालीन बन्द कर दिया हैं।

बिजौलियां में ठेकेदार के संचालकों द्वारा सेंडस्टोन की अधिक रॉयल्टी वसूलने पर लोडिंग बन्द कर खान व्यवसायियों ने प्रदर्शन किया।

- रॉयल्टी ठेकेदार के खिलाफ आक्रोशित खनन व्यापारियों ने नारेबाजी की

ऊपरमाल सेंडस्टोन एक्सपोर्ट एवं डवलपमेंट सोसायटी अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि बिजौलियां में मेघराज सिंह संवेदक की फर्म सर्व श्री शिवा कॉर्पोरेशन इंडिया लिमिटेड को खनिज विभाग ने 12 अप्रैल 2024 से सेंडस्टोन पर रॉयल्टी वसूली का ठेका दिया हैं, गत 12 अप्रैल से संवेदक ने बिजौलियां में रॉयली वसूली का काम शुरू किया। जिसमें बिजौलियां के आधा दर्जन नाकों पर संचालकों द्वारा मनमानी कर निर्धारित से अधिक रॉयल्टी की राशि वसूली शुरू कर दी, इस मामले को लेकर ऊपरमाल सेंडस्टोन डेवलपमेंट सोसायटी के सदस्यों,खनन व्यवसायियों ने स्थानीय अधिकारियों से लेकर मुख्य शासन सचिव को संवेदक पर मनमानी का आरोप लगा कर शिकायत भेजी गई।

लेकिन एक सप्ताह बाद भी कोई समाधान नहीं निकला हैं, वहीं बिजौलियां के केसरगंज नाके पर एक सेंडस्टोन से भरे ट्रक से वजन बढ़ा कर वसूली गई रॉयल्टी राशि के मामले को सेंडस्टोन एसोसिएशन के लोगों ने रँगे हाथ पकड़ कर खनिज विभाग के अधिकारियों को सुपुर्द किया। इस मामले में खनिज विभाग ने संवेदक के खिलाफ नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई हैं, वहीं खनिज विभाग के शासन सचिव ने इस मामले की तथ्यात्मक रिपोर्ट भी तलब की हैं,खनिज विभाग के सूत्रों के मुताबिक ट्रकों में भरे सेंड स्टोन परिवहन में रॉयल्टी संचालकों द्वारा तय से अधिक रॉयल्टी वसूलने की रिपोर्ट बना कर उच्चाधिकारियों को भेज दी हैं।

मंगलवार को खनिज विभाग कार्यालय में अधिक्षण खनिअभियन्ता सतर्कता, खनिअभियन्ता बिजौलियां, संवेदक के सदस्य और खनिज व्यवसायियों के बीच करीब 3 घण्टे तक उक्त समस्या समाधान पर काफी मंथन चला।लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकलने से रॉयल्टी संचालकों की मनमानी लगातार जारी हैं। बैठक के थोड़ी देर बाद ही केसरगंज चौराहे के नाके पर एक ट्रक में लड़े 36 टन सेंडस्टोन की 42 टन बता कर रॉयल्टी वसूल कर ली। इस मामले को लेकर खनन व्यवसायियों ने ठेकेदार के खिलाफ जम कर नारे बाजी कर प्रदर्शन किया।

दूसरी ओर संवेदक के प्रतिनिधि राजेश चौधरी का कहना है कि निर्धारित राशि से ही रॉयल्टी राशि ली जा रही हैं, ओवरलोड़ वाहनों के हिसाब से भी रॉयल्टी अधिक बनती हैं। उसको लेकर कुछ लोगों द्वारा हंगामा खड़ा किया जा रहा हैं। वहीं ऊपरमाल में दो हजार से अधिक सेंडस्टोन की खदाने ओर स्टॉक संचालित है।लेकिन अन्य खनन व्यवसायियों को कोई आपत्ति नहीं हैं।

इस दौरान मोहनलाल धाकड़, सुरेश कुमार, सुनील कुमार जैन, दीपक मेड़तिया, रमेश चन्द्र धाकड़, नरोत्तन, सुनील कुमार धाकड़, शंकर लाल धाकड़ सहित कई खनन व्यवसायियों ने उच्चाधिकारियों को शिकायत कर निर्धारित रॉयल्टी राशि वसूलने की मांग की हैं।

मन्दिर में महाआरती का आयोजन

अजमेर, (कासं)। पूज्य झरनेश्वर महादेव मन्दिर सिन्धी मंडल के तत्वावधान में नवरात्रो के अवसर पर माता दुर्गा पूजन निरन्तर 9 दिनों तक किया गया। पंडित कन्हैया लाल के नेतृत्व में प्रातः एवं सायं मन्दिर परिसर स्थित दुर्गा माता मन्दिर में नवरात्रों में स्थापना से लेकर राम नवमी तक निरन्तर पूजन आरती की गई। दुर्गा अष्ठमी और रामनवमी के अवसर पर सिन्धी मंडल के उपाध्यक्ष शंकर भाई छत्तानी के नेतृत्व में महाआरती का विशेष पूजन हुआ। उपाध्यक्ष शंकर छत्तानी ने बताया कि दुर्गा अष्ठमी और रामनवमी के अवसर पर मन्दिर परिसर में दुर्गा माता की प्रतिमा और झरनेश्वर महादेव की प्रतिमा पर हलवे.पूडी और चने के प्रसाद का भी भोग लगाकर श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। गायक कलाकारो ने भजन एवं गीत सुनाकर मंदिर में वातावरण को मातामय बना दिया। इस अवसर पर रमेश लालवानी, बच्चू हरवानी और शंकर छत्तानी सहित अन्य ने सेवाएं दी।

लीलेश्वर महादेव मंदिर में कन्या पूजनः- धोलाभाटा स्वामी लीलाशाह कॉलोनी स्थित श्री लीलेशवर महादेव मन्दिर में दुर्गा माता के नवरात्रों पर प्रतिदिन प्रातः एवं सायं महाआरती पूजन का आयोजन हुआ। बुधवार को मंदिर के सेवादारी बाबू किशोर वासवानी ने बताया कि मन्दिर परिसर में दुर्गा माता एवं पूज्य झूलेलाल की प्रतिमा के साथ साथ अन्य देवताओ की भी निरन्तर पूजा महाआरती की गई। नवरात्र समापन पर सुबह कन्या पूजन, कन्या भोज के साथ-साथ महिला मंडल द्वारा भजनो की प्रस्तुति दी।

सार-समाचार

महिला उद्यिमता पर सत्र का आयोजन

अजमेर, (कासं)। अजमेर यंग इंडियंस (वाईआई) अजमेर चैप्टर लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। जैसा कि हम महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं, हम उस काम को भी स्वीकार करते हैं जो सच्ची लैंगिक समानता हासिल करने के लिए किया जाना है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वाईआई अजमेर चैप्टर ने आज अजमेर में महिला उद्यिमता पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया। सत्र का थिम था ''रीफ्रेमिंग वर्क - थ्रु ए जेंडरड लेंस'', जिसमें वाईआई, अजमेर चैप्टर ने आज अजमेर क्षेत्र की अग्रणी महिला उद्यिमयों को आमंत्रित किया, जिनमें नेहा सहगल, संस्थापक - ऑरेंज प्ले स्कूल; इशिता कोठारी, संस्थापक - ट्रेयम डिजाइन स्टूडियो और अंबिका गौड़, संस्थापक - स्टूडियो अर्थब्लूम। इन महिला उद्यिमयों ने साझा किया कि लोगों को लिंग के आधार पर भूमिकाओं को रूढ़ीवादी बनाना बंद करना होगा।

रेलवे का स्थापना दिवस मनाया

अजमेर, (कासं)। रेलवे कर्मचारियो एवं अधिकारियो द्वारा रेलवे का 171वें स्थापना दिवस के अवसर पर सिन्धू सभा के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। रेलवे सिन्धू सभा के संरक्षक दयाल हरि सिंधानी ने बताया कि रेलवे भारत का सबसे बडा उद्योग है और प्रतिदिन लाखों लोगों को सेवाएं प्रदान करता है। महासचिव रमेश लालवानी और रेलवे कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े भागचन्द लालवानी व राजेश लालवानी ने बताया कि भारत में प्रथम रेल 16 अप्रैल 1853 में बुम्बई से थाणे के मध्य संचालित की गई थी और तब से आज तक द्वितीय विश्वयुद्व के समय, 1974 आपातकाल, वर्तमान विकट परिस्थितयों में रेलवे के कोचो को कोरोना पीडितो की चिकित्सा के लिए बनाने के साथ आज भी माल एवं पार्सल सेवाएं गौरव के साथ देश विदेश आने जाने वाले लोगों को सेवाएं प्रदान करने की जा रही है। आज वंदे भारत जैसी सेवाएं भारतीय रेल द्वारा प्रदान की जा रही है।

200 लोगों को निशुल्क भोजन कराया

अजमेर, (कासं)। भगवान महावीर के 2550 वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के द्वारा चलाए गए विशेष कार्यक्रम 1008 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क भोजन कराने के तृतीय क्रम में बुधवार को जनाना अस्पताल परिसर में स्थित अन्नपूर्णा रसोई में 200 व्यक्तियों को निशुल्क भोजन कराया गया। कार्यक्रम की श्रृंखला जारी है आज के कार्यक्रम के संयोजक राजेन्द्र पाटनी परिवार रहे कार्यक्रम में सहयोगी बने विनीत पाटनी, मनोज मोड़ासिया, सयम पाटनी, प्रकाश पाटनी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रूपश्री जैन अध्यक्ष दिगंबर जैन महासमिति अनुभा बाकलीवा सील महा मंत्री प्रिया पाटनी कुसुम जैन सुनीता गंगवाल कोषाध्यक्ष रिंकु सेठी व अन्य उपस्थित रहे कार्यक्रम की चतुर्थ श्रृंखला में गुरूवार को रेल्वे स्टेशन स्थित अन्नपूर्णा रसोई में 200 व्यक्तियों का भोजन निःशुल्क कराया जाएगा।

बाइकों की भिड़ंत, चाकू से हमला किया

शाहपुरा, (निसं)। कस्बे के बांडी मोहल्ला में दोपहर के लगभग दो बाइकों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई गुस्साए। गुस्साए युवक द्वारा आपसी बोलचाल के बाद दीपेंद्र सिंह खंगारोत पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में चाकू का वार से हाथ में कट लग गया। गनीमत रही की चाकू की पेट में नहीं लगी। देखते ही देखते लोग एकत्रित हो गए तथा घायल को बिठाया फिर चिकित्सालय पहुंचाया गया। घायल दीपेंद्र सिंह का प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस थाने में पहुंचे, इस दौरान राजपूत समाज के काफी संख्या में नौजवान थाने के बाद एकत्रित होकर कार्रवाई की मांग करने लगे। मोहसिन देशवाली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस द्वारा मामले में तुरन्त कार्रवाई करते हुए पुलिस उपाधीक्षक रमेश तिवाड़ी के निर्देशन में थानाधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा द्वारा मोहसिन देशवाली व राजू धाकड़ को हिरासत में लिया।

निःशुल्क जाँच शिविर 20 को

अजमेर, (कासं)। दिनांक 20 अप्रेल को डॉ. पंकज जैन, अरिहन्त डायग्नोस्टिक सेन्टर, पंचोली चौराहे के पास, अजमेर द्वारा प्रातः 6.00 बजे से 10 बजे तक रक्त, मूत्र, ई.सी.जी. आदि की निःशुल्क जाँच की जायेगी। जाँच करवाने हेतु सभी को भूखे पेट आना होगा। अधिकांश जाँचे निःशुल्क रखी गई है एवं कुछ जाँचे रियायती दरों पर की जा रही है ताकि क्षेत्रवासी एवं समाज बन्धु लाभान्वित हो सके। जाँच शिविर की तैयारियों हेतु मुकेश करनावट, विपिन जैन, संजय कावडिय़ा, अशोक पीपाड़ा, अशोक बोथरा, गौतम लुणावत, पारसमल हिंगड़, रमेश खाब्या, गौतम नाहर, रूपचंद बोहरा आदि अपनी सेवायें दे रहे है। दिनांक 18-19-20 को आयोजित शिविर सकल श्वेताम्बर जैन समाज अजमेर के तत्वावधान में आयोजित हो रहे है।

पानी की सींमेंट टंकिया लगाई

ब्यावर, (निसं)। भगवान महावीर जन्म कल्याण का महोत्सव के उपलक्ष में श्री लोकाशाह जैन नवयुवक मंडल के तत्वावधान में जीवसेवा के तहत पानी की 25 सींमेंट टंकिया लगाई गई। राजू सेठिया ने बताया कि पार्श्वनाथ कॉलोनी, प्रताप कॉलोनी, बलाड रोड, डिग्गी मोहल्ला, सज्जन कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, पन्ना कॉलोनी, राम नगर, लोकाशाह नगर, चमन चौराहा व अन्य स्थानों पर लगाई गई। इस मौके पर पारस मल संचेती, पवन पालेचा, पारसमल संचेती, ज्ञानचंद सेठिया, शुभम व अन्य कार्यकर्ता मोजूद रहे। मंडल अध्यक्ष ने भामाशाह का बहुत-बहुत साधुवाद व्यक्त किया।

मेंहदी लगाकर दिया मतदान का संदेश

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के आसींद तहसील क्षेत्र के ब्राह्मणों की सरेरी निवासी रामस्वरूप व्यास की पुत्री सोनिया के वैवाहिक समारोह में महिलाओं द्वारा मेहंदी के रस्म में महिलाओं ने मेंहदी लगाकर दिया मतदान करने का संदेश दिया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम उम्मेद सिंह राजावत ने बताया कि क्षेत्र में अधिक मतदान करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

द्वितीय प्रशिक्षण 23 को

अजमेर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के अन्तर्गत माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण चुनाव पर्यवेक्षक की उपस्थिति में 23 अप्रेल को दोपहर 12 बजे से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सभागार में आयोजित किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार गौतम ने बताया कि पूर्व में यह प्रशिक्षण 22 अप्रेल को प्रस्तावित था।

मसूदा कस्बे में रामनवमी पर ऐतिहासिक शोभायात्रा निकली

मसूदा, (निसं)। बुधवार को मसूदा कस्बे में राम नवमी के पावन पर्व पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन सभी धर्मप्रिमियो के द्वारा आयोजित किया गया। इस भव्य शोभायात्रा मसूदा स्थित अखाड़े वाले बालाजी से शुरू होकर कस्बे के विभिन्न मोहल्लों से गुजरी वही लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया मसूदा कस्बा भक्ति में से गूंज उठा महिला पुरुष युवा सभी डीजे की धुन पर नाचते गाते भगवान श्री राम के नारे लगाते हुए दिखाई दिए। इस दौरान अखाड़ा दल द्वारा अपने शौर्य काजगह जगह प्रदर्शन किया गया। लोगों द्वारा शौर्य प्रदर्शन करते देख बालिकाओं व नन्नी बच्चीयों द्वारा प्रस्तुति को देख दातोंतले उंगलियां दबाते हुए नजर आए।

- बालिकाओं द्वारा शौर्य प्रदर्शन पर अचंभित हुआ कस्बा
- जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत

मसूदा सहित आसपास के क्षेत्रों में भी बुधवार को रामनवमी पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया इस दौरान भगवान श्री राम के ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई राम जन्मोत्सव को लेकर कस्बे में काफी तैयारियां की गई शोभा यात्रा मार्ग पर विभिन्न समाज व सामाजिक संगठनों द्वारा शीतल जल सहित अन्य की व्यवस्था की गई। इस विशाल शोभायात्रा में मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ,पृथ्वीराज सिंह भोजपुरी ,श्रवण सिंह चौहान सहित भाजपा मंडल अध्यक्ष भाजपा कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों सहित ग्रामीण व गणमान्य नागरिक रामनवमी के पावन पर्व पर शोभायात्रा में हिस्सा लेकर सम्पूर्ण कस्बा राममय हो गया।इस भव्य शोभायात्रा में पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट शोभायात्रा में मसूदा सीओ व मसूदा थाना अधिकारी सहित समस्त पुलिस प्रशासन शोभायात्रा में मौजूद रहा।

तीर्थ नगरी पुष्कर में रामनवमी के पावन अवसर पर निकली भव्य व ऐतिहासिक भगवा रैली

पुष्कर, (निसं)। पुष्कर में रामनवमी के पावन अवसर पर बुधवार कीशाम को भव्य भगवा रैली निकाली गई तथा तीर्थ नगरी भगवा रंग में रंगी हुई नजर आई तीर्थ नगरी पुष्कर को भगवा झंडा और फहरियो से सजाया गया। भगवा रैली को लेकर पुष्कर में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखने को मिला बुधवार को तीर्थ नगरी पुष्कर में विश्व हिंदू परिषद वह बजरंग दल के तत्वाधान में श्री राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य भगवा रैली रामधाम तिराये से होती हुई कपालेश्वर चौराहे पर संपन्न हुई इस दौरान भगवा रैली का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

भगवा रैली रामधाम तिराये से होती हुई कपालेश्वर चौराहे पर संपन्न हुई।

भगवा रैली शाम को राम धाम तिराये से शुरू हुई जो नए रंग जी के मंदिर सूर्य चौक वराह घाट चौक बद्री घाट गऊ घाट कपड़ा बाजार ब्रह्म चौक ब्रह्मा मंदिर होते हुए कपालेश्वर तिरये पर संपूर्ण इस दौरान शांति सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीओ ग्रामीण रामचंद्र मय जाप्ता रैली में साथ-साथ चल रहे थे इस दौरान रैली में पूर्व पालिका अध्यक्ष सूरज नारायण पाराशर जितेंद्र उर्फ हलदर पाराशर रामनिवास वशिष्ट बालकिशन पाराशर नंदू पंवार अनुराग पाराशर शुभम पाराशर रामकरण मेघवंशी अंकित पाराशर आशीष पाराशर दामोदर पाराशर लोकेश पाराशर पार्षद रोहन बाकोलिया धर्मेंद्र नागोरा कमल रामावत अक्षय पाराशर अक्षत पाराशर, अशोक, वीरेंद्र पाराशर ,अरुण माहेश्वरी ,सुनील उपाध्याय ,विष्णु शर्मा ओमप्रकाश पाराशर, नेहरू, कृष्ण गोपाल, संजय पाराशर, त्रिभुवन पाराशर सोनू सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए और रैली में सभी जय श्री राम के नारे लगाते हुए निकल रहे थे।

रक्तदान करने के लिए पैदल घूमकर लोगों को कर रहे जागरुक

अजमेर पहुंचे सोशल वर्कर वर्मा, अब तक 21 राज्यों की यात्रा

अजमेर, (कासं)। लोगों में रक्तदान के प्रति जागरुकता लाने के लिए पिछले दो सालों से देशभर में पैदल भ्रमण करने वाला युवक बुधवार को अजमेर पहुंचा। युवक 21 राज्यों की यात्रा कर पैदल में अब तक करीब 20 हजार 300 किमी की यात्रा पूरा कर चुका है।

पिछले 2 साल से देश भर में घूम-घूम कर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रहा। उन्होंने कहा कि लोगों के खून को छोटे से लेकर बड़े शहरों तक में बिचौलिए कलाबाजारी कर रहे हैं, वे इसके लिए भी लोगों को जागरूक कर रहे है। 28 दिसंबर 2021 से करीब ढाई साल से देश भर में पैदल घूम कर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रहे दिल्ली निवासी युवक किरण वर्मा बुधवार को अजमेर पहुंचे। सोशल वर्कर किरण वर्मा ने मीडिया को बताया कि उनका लक्ष्य 21 हजार किलोमीटर का सफर है, जिसमें अजमेर तक उनका सफर 20 हजार 300 किलोमीटर का पूरा हो चुका है। वे यहां भी रक्तदान करने को लेकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। इसके लिए सैकड़ों लोग उनके संपर्क में है।

28 दिसंबर 2021 को अपने मिशन को शुरू किया था, इसके बाद अब तक केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात सहित 21 राज्यों से होते हुए राजस्थान के अजमेर पहुंचे हैं। 150 से अधिक शिवर लगा चुके है।

अभिनेत्री डॉली अजमेर दरगाह पहुंची

अजमेर, (कासं)। बॉलीवुड अभिनेत्री डॉली मट्टू ने बुधवार को सूफी संत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पहुंची, डोली ने ख्वाजा साहब की मजार पर अकीदत के फूल और मखमली चादर पेश कर अमन चैन और कामयाबी की दुआ मांगी।

अभिनेत्री को दरगाह के खादिम कुतुबुद्दीन सखी ने जियारत करवाई और तबरूख भेंट किया। इस दौरान अभिनेत्री डॉली मट्टू को देखने के लिए जायरीन उमड़ पड़े। साथ सेल्फी लेने की होड़ मच गई। इस दौरान अभिनेत्री ने प्रशंसकों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई और उनसे बातचीत भी की। मट्टू ने हिंदी, पंजाबी और कन्नड़ जैसी भाषाओं की फिल्मो में काम किया।

वोट घूमर से किया मतदान जागरूकता

अजमेर, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी भारती दीक्षित एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजमेर शहर गजेंद्र सिंह जी राठौर द्वारा आज पटेल मैदान में वोट घूमर नाम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशासन के समस्त अधिकारी मौजूद रहे। जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक खन्ना , एडीएम प्रथम लोकेश गौतम, एडीएम द्वितीय ज्योति ककवानी, जिला परिषद से एसीईओ प्रियंका तलानिया , उपनिदेशक महिला एवम बाल विकास विभाग तारामती वैष्णव, प्रोटोकॉल अधिकारी अपूर्वा परवाल , सीएमएचओ महेश बिहारी , सीबीओ राकेश कटारा , ज़िला परिषद स्वीप प्रभारी सचिव दर्शना शर्मा , जिला यूथ आइकॉन रवि बंजारा आदि सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

जिसमें सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने भी भागीदारी निभाई। इसके अलावा समस्त पार्टिसिपेट करने वाली महिला मतदाताओं ने भी गुब्बारे आकाश में छोड़कर सभी क्षेत्र वासियों से एवं अजमेर शहर वासियों से यह अपील की है कि सभी लोग 26 अप्रैल 2024 को अपना वोट डालने के लिए अवश्य जाएं।

डा.अरुणा माथुर कलम अवार्ड की हुई घोषणा

अजमेर, (कासं)। अजमेर लेखिका मंच व सामाजिक सेवा संस्थान के द्वारा आगामी वार्षिक आयोजन में अरुणा माथुर कलम अवॉर्ड प्रदान किए जाएंगे। इस वर्ष भी अरुणा माथुर कलम अवॉर्ड के लिए शहर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं से प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई थी। 'मानवीयता' विषय पर नाटक विधा में प्राप्त प्रविष्टियों में से श्रेष्ठ तीन रचनाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। दीपशिखा शर्मा, संस्कृति गांधी (मयूर स्कूल, अजमेर) एवं हर्षिता एलएलबी विधार्थी की रचनाओं ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

अजमेर लेखिका मंच की लेखिकाओं के लिए होली विषयक विधा मुक्त प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसके परिणाम भी निर्णायक मंडल द्वारा प्रेषित किए जा चुके हैं ।होली विषयक लेखन में अजमेर लेखिका मंच की लेखिका पायल गुप्ता, भारती राठौड़ एवं माया शर्मा की प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। अजमेर लेखिका मंच द्वारा प्रत्येक रविवार को सदस्यों द्वारा अपने पसंदीदा साहित्यकार के विषय में कुछ खास बातें प्रस्तुत करने का नवाचार किया गया था।

जन्म देते ही नवजात को लाडपुरा में नदी किनारे कचरे में फैंका

माण्डलगढ़, (निसं)। नवरात्र में लोग देवी की पूजा में जुटे हुए हैं,कन्या पूजन किया जाता हैं, वहीं दूसरी ओर जन्म होने के कुछ देर बाद ही एक निष्ठुर माता-पिता के एक दुधमुंही बच्ची को कचरे के ढ`ेर में फैंकते वक्त हाथ नहीं काँपे। मांडलगढ़ के लाडपुरा कस्बे में नदी किनारे रोती-बिलखती एक नवजात बच्ची को पुलिस ने बरामद किया। इस मामले को लेकर कस्बे में सनसनी फैल गई,यह माजरा देखने मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर नवजात को बाल सुधार गृह समिति को सौंपा

मांडलगढ़ के लाडपुरा में मिली नवजात बच्ची का पुलिस ने अस्पताल में उपचार कराया।

दरअसल लाडपुरा के पास नदी किनारे एक महिला वेस्ट पॉलीथिन एकत्रित करने गई थी,जहाँ झाड़ियों ओर कचरे में एक नवजात लावारिश हालत में रोती- बिलखती नजर आई,महिला ने ग्रामीणों ओर पुलिस को सूचना दी,

मांडलगढ़ थाना प्रभारी शिवचरण टीम के साथ मौके पर पहुँचे, और नवजात को कब्जे में लेकर मांडलगढ़ के सरकारी अस्पताल में लेकर आए।जहाँ चिकित्सकों ने नवजात बालिका का जन्म थोड़ी देर पहले होना बताया, बालिका का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमें वह स्वस्थ एवं परिपूर्ण पाई गई। पुलिस ने नवजात बालिका को भीलवाड़ा में बाल कल्याण समिति को ले जा कर सौंप दिया हैं, जहाँ उसका चिकित्सकों की निगरानी में लालन - पालन किया जाएगा।

गौरतलब हैं कि जहाँ बच्ची को फैंका गया, वहां आवारा कुत्ते मंडराते रहते हैं, लेकिन गनीमत रही कि एक महिला पॉलीथिन संग्रहण करती वहाँ पहुँच गई, जिससे नवजात बच्ची की जान बच गई। पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं, प्रथम दृश्य मामला प्रेम प्रसंग में पैदाइश का लग रहा है, फिलहाल पुलिस कुमाता महिला की तलाश जुटी हैं।

रामनवमी धूमधाम से मनाई

भीलवाड़ा, (निसं)। नवरात्रि का अंतिम दिन भगवान श्री राम के जन्मदिन रामनवमी और कन्या पूजन के रूप में धूमधाम से मनाया जा रहा है । जिले के अनेक शक्तिपीठों पर विविध आयोजन किए जा रहे हैं । माताजी के मंदिर में सुबह से ही पूजा पाठ और हवन के दौर चल रहे हैं साथ ही कन्याओं का पूजन किया जा रहा है और उन्हें भोजन करवाया जा रहा है ।

आयोजन के तहत भीलवाड़ा के शक्तिपीठ बाबा धाम में आज 108 कन्याओं का पूजन किया गया और करीब 1008 कन्याओं को भोजन प्रसाद कराया गया । धाम के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल ने बताया कि आज रामनवमी और कन्या पूजन के अवसर पर धाम में 108 कन्याओं और 108 भैरू बाबा का पूजन किया गया और उन्हें भोजन कराया गया । दोपहर तक करीब 1008 कन्याओं को भोजन कराया जाएगा । रामनवमी का पर्व धाम में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है । श्रद्धालु माता रानी की आरती करने आ रहे हैं आरती के साथ ही उन्हें विशेष प्रसाद के भोग लगा रहे हैं । उन्होंने बताया कि यह शक्तिपीठ ऐसा है जहां किसी प्रकार का कोई दान चढ़ावा नारियल फूल प्रसाद नहीं चढ़ाया जाता है।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की बी. के. कौल नगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 480 से 485 (क्षेत्रफल 107.64 वर्गगज प्रति भूखण्ड) तथा भूखण्ड संख्या 488 से 493 (क्षेत्रफल 107.64 वर्गगज प्रति भूखण्ड) के मूल आवंटी सर्वश्री विजय कुमार हरजानी निवासी राम भवन लोहागल रोड अजमेर मृत्यु दिनांक 22-10-2023, सुशील कुमार हरजानी निवासी एटीएस वन हेमलेट सेक्टर 104, नोएडा गोतमबुद्धनगर उत्तरप्रदेश मृत्यु दिनांक 02-03-2018 एवं मदन कुमार हरजानी निवासी राम भवन लोहागल रोड अजमेर मृत्यु दिनांक 22-02-2004 तथा सुनील कुमार हरजानी निवासी राम भवन लोहागल रोड अजमेर मृत्यु दिनांक 04-07-2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतकगण के वारिसानों क्रमशः नीरज हजानी पुत्र श्री विजय कुमार हरजानी निवासी ए/3-505, 5वां फ्लोर, टावर 4, प्लाट नं. 1 पूर्वांचल सिल्वर नगर, सेक्टर 93, नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तरप्रदेश, श्री सुमित हरजानी पुत्र श्री सुशील कुमार हरजानी निवासी 8172 एटीएस वन हेलमेट सेक्टर 104, नोएडा, गोतमबुद्ध नगर उत्तरप्रदेश एवं श्रीमती पद्मा हरजानी पत्नि श्री सुशील हरजानी निवासी 8172 एटीएस वन हेलमेट सेक्टर 104, नोएडा, गोतमबुद्ध नगर उत्तरप्रदेश एवं कमल कुमार हरजानी पुत्र श्री पेसूमल हरजानी निवासी न्यूजर्सी अमेरिका हाल अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की बी.के. कौल नगर योजना के आवासीय भू.सं. 473 (170.43 वर्गगज), भू.सं. 486 (152.49 वर्गगज) भू. सं. 487 (242.19 वर्गगज), भू.सं. 499 (188.37 वर्गगज), भू.सं. 501 (326.90 वर्गगज), भू.सं. 527 (163.25 वर्गगज), भूखण्ड संख्या 819-ए, 819-बी, 819-सी, 819-डी (क्षेत्रफल 107.64 वर्गगज प्रत्येक) के मूल आवंटी सर्वश्री विजय कुमार हरजानी निवासी राम भवन लोहागल रोड अजमेर मृत्यु दिनांक 22-10-2023, सुशील कुमार हरजानी निवासी एटीएस वन हेमलेट सेक्टर 104, नोएडा गोतमबुद्धनगर उत्तरप्रदेश मृत्यु दिनांक 02-03-2018 एवं मदन कुमार हरजानी निवासी राम भवन लोहागल रोड अजमेर मृत्यु दिनांक 22-02-2004 तथा सुनील कुमार हरजानी निवासी राम भवन लोहागल रोड अजमेर मृत्यु दिनांक 04-07-2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतकगण के वारिसानों क्रमशः नीरज हजानी पुत्र श्री विजय कुमार हरजानी निवासी ए/3-505, 5वां फ्लोर, टावर 4, प्लाट नं. 1 पूर्वांचल सिल्वर नगर, सेक्टर 93, नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तरप्रदेश, श्री सुमित हरजानी पुत्र श्री सुशील कुमार हरजानी निवासी 8172 एटीएस वन हेलमेट सेक्टर 104, नोएडा, गोतमबुद्ध नगर उत्तरप्रदेश एवं श्रीमती पद्मा हरजानी पत्नि श्री सुशील हरजानी निवासी 8172 एटीएस वन हेलमेट सेक्टर 104, नोएडा, गोतमबुद्ध नगर उत्तरप्रदेश एवं कमल कुमार हरजानी पुत्र श्री पेसूमल हरजानी निवासी न्यूजर्सी अमेरिका हाल अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

योजना